नगर विकास न्यास कोटा की रानपुर आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या एफ-282 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 11.07.2011 को श्रीमती किरण शर्मा पत्नी श्री नंदलाल शर्मा को किया गया था। आवंटी श्रीमती किरण शर्मा पत्नी श्री नंदलाल शर्मा द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री ओमप्रकाश मित्तल पुत्र श्री सोभाग मल मित्तल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.03.2024 को श्रीमती सावित्री देवी मित्तल पत्नी श्री ओमप्रकाश मित्तल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या एफ-282 योजना रानपुर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती सावित्री देवी मित्तल पत्नी श्री ओमप्रकाश मित्तल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

## सार-समाचार

### संस्कार केंद्र पर मातृ सम्मेलन संपन्न

**रावतभाटा,** (निसं)। विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा द्वारा संचालित श्रीराम बाल विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसरोड़गढ़ के बाबा रामदेव सरस्वती संस्कार केंद्र पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नीरू मेहर, मुख्य वक्ता कोटा जिला संस्कार केंद्र प्रमुख बाल कृष्ण सुमन कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम बाल विद्या मंदिर प्रधानाचार्य भूपेंद्र शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर उपस्थित माताओं की नींबू चम्मच दौड़, गुब्बारा फूलाओ, कुर्सी दौड, सलाद सजाओ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम स्थान चांदनी, नीरू, जया एवं सोनू मेंहर तथा द्वितीय स्थान क्रमशः सुनीता, उर्मिला एवं रेखा खटीक द्वारा प्राप्त किया गया। इन सभी माताओं को पुरस्कार देकर उत्सहावर्धन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरू मैहर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, वंदना के पश्चात जिला संस्कार केंद्र प्रमुख बाल कृष्ण सुमन द्वारा माता को प्रथम गुरु बताते हुए माता जीजाबा का उदाहरण प्रस्तुत किया गया तथा मां को इस चराचर जगत में प्रथम पूजनीय बताते हुए मां के कर्ज को कोई नहीं चुका सकता इसको एक कहानी के रूप में प्रदर्शित किया गया तथा हमारे गौरवशाली इतिहास में ऐसी वीर वीरांगनाएं भी हुई हैं, जिनका उदाहरण महारानी पद्मावती, हाड़ी रानी के रूप में दिया गया त्याग और तपस्या का उदाहरण माता सीता का दिया गया माता-पिता की सेवा करना मनुष्य का प्रथम कर्तव्य बताया गया, यदि हम माता-पिता की सेवा करते हैं तो उसका पुण्य हमें चारों धाम की यात्रा करने के बराबर प्राप्त होता है एवं सास बहू को बेटी तथा बहू सास को मां के समान समझे इसकी आज आवश्यकता हैं।

### बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**बून्दी** (निसं)। राजकीय जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय बालचन्द पाड़ा बूंदी की टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिव कॉलोनी उन्दीलिया की डूंगरी बूंदी में पहुंच कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाई गई। डॉ. पारुल सोनी आंचल प्रसूता केंद्र प्रभारी एवं रामप्रकाश वर्मा वरिष्ठ कंपाउंडर ने सेवाएं दी। चिकित्सालय प्रभारी डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि स्वर्णप्राशन स्वर्णभस्मयुक्त आयुर्वेदिक इम्यूनोबूस्टर औषधि है। चिकित्सकीय निर्देशन में नियमित स्वर्णप्राशन आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन बच्चों की बौद्धिक शक्ति को बढ़ाने और सामान्य विकारों से लडने के लिए शरीर में विशिष्ट प्रतिरक्षा उत्पन्न करने में मदद करता है तथा बच्चों में शरीर ,मन ,बुद्धि और वाणी का उत्तम विकास करता है। इस शिविर में 75 बच्चे लाभान्वित हुए। स्कूल परिसर में संचालित आंगनवाड़ी में डॉ. पारुल सोनी ने गर्भवती महिला एवं प्रसूता महिलाओं के बारे में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय बालचन्दपाड़ा में संचालित तीन विशिष्टता केंद्र पंचकर्म केंद्र, आंचल प्रसूता केंद्र, जरा अवस्था केंद्र जटिल-कष्टसाध्य रोगियों, गर्भवती, प्रसूताओं-जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों तथा वृद्धावस्थाजन्य विकारों का विशेष उपचार किया जाता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार वर्मा, शकुंतला मीणा, राजेश कुमारी मीणा, मीनाक्षी वर्मा, श्यामा गौतम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबली सैनी, राजेश चंदेल आदि उपस्थित रहे।

### गौ सेवा व वानर सेवा की

**बून्दी** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस पर आयोजित परोपकार सप्ताह के तहत गुरुवार को गौ सेवा व वानर सेवा की गयी। गुरुवार विभिन्न स्थानो पर वानरो को फल खिलाये गये और खोजा गेट,कुंभा स्टेडियम क्षेत्र,बहादुर सिंह सर्किल,मीरा गेट आदि स्थानो पर गौवंश को हरा चारा डाला गया। इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश, एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाड़ी,पूर्व प्रदेश सचिव आकाश चौधरी,सरदार अजित सिंह,राजेन्द्र मीणा आदि सम्मिलित रहे। इस अवसर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि सचिन पायलट का जन्म दिवस पर प्राणी मात्र की सेवा व गौ सेवा के साथ मनाया जा रहा है। अभाव अभियोग कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मीणा ने बताया कि परोपकार सप्ताह का समापन रविवार को ब्रह्माण्डश्वर गौशाला में गौ पूजन व गौ सेवा कार्य के साथ होगा। उल्लेखनीय है एआईसीसी महासचिव पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्म दिवस पर 7 सितंबर परोपकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

### शतरंज में धामनिया टीम विजेता रही

**छीपाबड़ौद** (निसं)। स्थानीय ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धामनिया के छात्रों की टीम शतरंज ( इंडोर खेल) में जिला स्तर पर विजेता रही। 68 वी जिला स्तरीय शतरंज टूर्नामेंट प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय बारां में दिनांक 8 सितंबर से 10 सितंबर 2024 तक आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रामरख राम बिश्नोई के नेतृत्व में अंडर 14 वर्ष की छात्र टीम ने भाग लिया और प्रतियोगिता उपरांत विद्यालय की टीम विजेता घोषित हुई। टीम के लीडर विद्यार्थी भानु प्रताप लोधा ने जिले स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को जिले स्तर पर स्मृति चिन्ह देकर एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। टीम के विद्यालय पहुंचने पर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर मालव के द्वारा तिलक और माल्यार्पण के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार के द्वारा विजेता टीम के छात्रों एवं कोच शारीरिक शिक्षक रामरख राम विश्नोई को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से राधेश्याम मीणा, तेज सिंह चाहर, जितेंद्र चंदोलिया, प्रदीप मीणा, चंद्रसेन मीणा एवं चेतराम सहरिया उपस्थित रहे।

### फुटबॉल में कचनारिया कलां टीम विजेता

**छीपाबड़ौद** (निसं)। क्षेत्र की कचनारिया कला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिका टीम गुरुवार को गाँव कचनारिया कलां में पहुंचने पर आतिशबाजी व बेण्डबाजे के साथ जुलूस निकालकर सरपंच सहित ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। शारिरिक शिक्षक रियाज खान ने बताया कि बारां में आयोजित 68 वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कचनारिया कला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिका टीम जिला विजेता रही।बारां में आयोजित जिला फुटबाल प्रतियोगिता में स्थानीय, विधालय की छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन कर अर्डांद राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय की टीम को पेनल्टी शूट आऊट में हराकर फाइनल में जीत दर्ज की है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थानीय विद्यालय की छः छात्राओं का चयन हुआ हे। ग्राम पंचायत कचनारिया के सरपंच मेघराज मीणा एवं प्रधानाचार्य राजेन्द्र मीणा ने विजेता टीम को तिलक वंदन कर बधाई दी और स्वागत सम्मान किया

### कला प्रदर्शन का आयोजन होगा

**रावतभाटा,** (निसं)। छवि अति सुंदर सुखदायक जय गणपति वंदन गणनायक श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल हाट चौक में बुद्धि के दाता भगवान गणेश के जयकारों से गूंज उठी। संस्थापक विजय गुप्ता ने बताया की गुरूवार को महाआरती में मुख्य अतिथि रावतभाटा उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया रहे। अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया की महाप्रसाद शर्मा टेंट हाउस एंड इवेंट की और से मोदक प्रिय को मोदक और लड्डू का भोग लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। कोषाध्यक्ष अर्जुन तिवारी ने बताया की प्रतिदिन आरती के बाद बच्चों के खेलकूद जिसमे चमच रेस इत्यादि खेल भी होते हैं, और शुक्रवार को बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम कला का प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा और पुरस्कार वितरण भी होगा। इस दौरान भुवनेश नागर, महामंत्री सुरेश तिवारी, संयोजक संतोष परसेंडिया मोजूद रहे।

### विद्यालय में तेजा दशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**रावतभाटा,** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय रावतभाटा में बाबा रामदेव जयंती पर तेजा दशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव जयंती प्रमुख प्रियंका, विशाखा टेलर द्वारा बताया गया की तेजादशमी की जानकारी बबलू गुरुजी व विशाखा टेलर द्वारा भैया बहनों को प्रदान की गई। दीदी द्वारा भैया, बहिनों को तेजाजी महाराज की जीवनी पर आधारित कथा सुनाई गई। गुरूजी द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। भैया बहनों द्वारा मनमोहक भजन की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में 491 भैया बहनों ने भाग लिया, वही 22 दीदी, गुरुजी भी शामिल रहे। दीदी, गुरु जी के द्वारा भैया बहनों को भी वीर तेजाजी महाराज के समान ही गायों की रक्षा करने हेतु प्रेरित किया।

# ‘फसल खराबे की गिरदावरी समय पर हो, कोई भी किसान मुआवजे से वंचित नहीं रहे’

**बूंदी** (निसं)। ऊर्जा राज्यमंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने निर्देश दिए है कि अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की गिरदावरी का कार्य जिम्मेदारी और सावधानी के साथ पूर्ण करवाकर किसानों को समय पर उचित मुआवजा दिलवाया जाए। यह निर्देश जिला प्रभारी मंत्री ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, जिले में अतिवृष्टि से हुए सरकारी परिसम्पतियों के नुकसान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में भारी बारिश व ओलावृष्टि से हुए खराबे की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी अधिकारी त्वरित कार्रवाई करें।



जिला प्रभारी मंत्री ने फसल खराबे, क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि बजट घोषणाएं जल्द लागू हो, इसलिए जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारी घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करें। प्रभारी मंत्री ने जिले से संबंधित सभी घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलो किया जाए।

जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि फसलों के खराबे की जानकारी के लिए गिरदावरी रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि किसानों को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। खराब हुई फसलों की गिरदावरी का कार्य अतिशीघ्र किया जाए। पटवारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से निरंतर सम्पर्क बनाएं रखें। फसल खराबे की गिरदावरी से जुड़े सभी अधिकारी व कार्मिक पूरी जिम्मेदारी से कार्य करते यह सुनिश्चित करें कि कोई भी किसान मुआवजे से वंचित नहीं रहे। इसके अलावा फसल खराबे के संबंध में किसनों को मिलने वाले मुआवजे के संबंध में जरूरी जानकारी दी जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जिले में अनुमानित फसल खराबे को लेकर फीडबैक भी लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला कलक्टर संबंधित बीमा कंपनियों के साथ बैठक लेकर मुआवजे संबंधी प्रक्रियाएं समय पर पूरी करने की सुनिश्चितता करें।

उन्होंने नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों के बारे में जाना और इसे पूरा करने को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। बजट घोषणाओं के तहत वांछित भूमि आवंटन के प्रकरणो में शीघ्र भूमि आवंटित करवाई जाए। उन्होंने राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत अतिवृष्टि से क्षितग्रस्त परिसंपत्तियों के अनुसार की तात्कालिक मरम्मत प्रस्ताव की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से प्राप्त प्रस्तावों शीघ्र भिजवाए जाएं, ताकि आवश्यक बजट आवंटन करवाकर इनकी शीघ्र मरम्मत करवाई जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिले से गुजर रहे एक्सप्रेस वे पर बनी जिन पुलियाओं के नीचे सीसी सड़क नहीं है, उसकी जांच करवाई जाएं, ताकि इनमें पानी भरने की समस्याओं का समाधान करवाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों के कार्य शीघ्र शुरू किए जाएं। उन्होंने आगामी 17 सितंबर को आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय विद्यालयों में बरसात से क्षितग्रस्त भवनों की मरम्मत करवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के माध्यम से भी यह कार्य करवाए जाएं।

प्रभारी मंत्री ने विद्युत निगम के अधिकारियों से जिले में अब तक जारी कृषि कनेक्शनों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिले के ब्लॉकवार बकाया कृषि कनेक्शनों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि फसल कटाई के बाद किसानों को कृषि कनेक्शन जारी करने की कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नए कृषि कनेक्शन जारी करने के लिए आवश्यक ट्रांसफार्मरों की संख्या की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## 21 बालिकाओं की शिक्षा का जिम्मा उठाया

**कोटा,** (निसं)। संभाग की ब्राह्मण कल्याण परिषद महिला प्रकोष्ठ ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तलवंडी की 21 छात्राओं को गोद लिया है। परिषद ने इन बालिकाओं की एक साल की शिक्षा का खर्च उठाने का निर्णय लिया है। इसके तहत बालिकाओं को बैग, रजिस्टर, पेन, पेंसिल बॉक्स, लंच बॉक्स सहित अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। संभागीय अध्यक्ष डॉ.शीला तिवारी ने बताया कि इस पहल में कई भामाशाहों ने योगदान दिया, जिनमें डॉ.रश्मि दाधीच, डॉ.अमित व्यास, डॉ.पूनम व्यास, डॉ.मनीष तिवारी, डॉ.अंजना व्यास, डॉ.ममता शर्मा, ब्रज राज गौतम, डॉ.मनोज शर्मा, दीक्षा शर्मा, सीमा शर्मा, सविता शर्मा, रेणु गौड़, अर्चना शर्मा, माधवी शर्मा, मोहन कांता शर्मा, प्रतीक्षा शर्मा, हेमलता शर्मा, अनीता शर्मा, संतोष गौतम और शिवा उपाध्याय शामिल हैं। कार्यक्रम संयोजक अनिल तिवारी ने मातृशक्ति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यादान सबसे बड़ा दान है, जो समाज और परिवारों के उत्थान में सहायक होगा।

# बालवाटिका के लिए फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन



परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**रावतभाटा,** (निसं)। परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में गुरूवार को बालवाटिका 1, 2 व 3 के लिए फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालवाटिका प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में तीनों कक्षाओं के लगभग 60 नन्हें बालकों ने भाग लिया। को बच्चा भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, को निवर्तमान प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के वेश में आया, को आजाद हिन्द फौज के नेता सुभाष चंद्र बोस, का चंद्रशेखर आजाद, को झांसी की रानी, तो को दूध वाला, सब्जी विक्रेता, पुलिस, शिक्षक, डॉक्टर आदि बनकर और कोई भारत के संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के रूप में आया और बड़े ही मासूम एवं बाल-सुलभ अंदाज में इन चरित्रों का परिचय दिया। सभी प्रस्तुतियों ने इन बच्चों के अभिमावकों व कार्यक्रम में उपस्थित समस्त स्टाफ का खूब मनोरंजन करते हुए मन मोह लिया। सभी ने तालियों के साथ बच्चों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्राचार्य दिलीप सिंह, उप-प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह तथा हैडमास्टर पवन कुमार ने इन बाल कलाकारों के बीच आकर इनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन बाल वाटिका शिक्षिका फरहीन ने किया तथा निर्णायकों की भूमिका शिक्षिका विकास चौधरी व शिक्षिका शालिनी सोनी ने निभाई।

# कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को याद किया

**कोटा,** (निसं)। प्रदेशभर में गुर्जर आरक्षण आंदोलन के नायक कर्नल किरोड़ी सिह बैंसला की जयंती पर विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के सचिव अंकित गुर्जर ने बताया कि कर्नल बैंसला का जन्म 12 सितम्बर 1939 में मुंडीया गांव में हुआ था वे सेना में लेफ्टीनेट के पद पर थे। इनके द्वारा सन् 2007 में राजस्थान में जाति आधारित विरोध आंदोलन किया गया था। राजस्थान में गुर्जर समाज के आरक्षण की मांग की थी। वे हमेशा लाल पगड़ी और धोती-कुर्ता पहनते थे। इन्हे लोग पटरी वाले बाबा के नाम से पुकारते थे। सन् 2007 से 2022 तक ये गुर्जर समाज के आरक्षण के लिए राज्य सरकार से लड़ते रहे। इनके द्वारा कई बार रेल रोको आंदोलन किय गए। कई सरकारे आई और गई। आज राजस्थान में गुर्जर समाज को पांच प्रतिशत आरक्षण (एमबीसी) का लाभ मिल रहा है। वे हमेशा अच्छी शिक्षा, पढ़ी लिखी मां, कर्ज मुक्त समाज जैसी बाते लोगों को समझाते थे। आज गुर्जर समाज के युवा इनकी देन है जो छा जाए और छाए रहे यह बात विशेष कर युवाओं से बोला करते थे। जो कि सरकारी नौकरियो में पदस्थापित है। आज कोटा में पूनम कॉलोनी में गुर्जर समाज के लोगों द्वारा कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती पर केक काटा गया व 21 पौधे लगाए गऐं। इस आयोजन में लोगों ने बैंसला के साथ बिताए अपने पुरानी पलो की यादों को लोगों के बीच रखा। गुर्जर समाज की युवतियों द्वारा कर्नल बैंसला पर कविता सुनाई गई। और कहा कि जो 21 पौधे हमारे द्वारा हमारे घरों में लगाए गए है वे हमे उनकी याद दिलाते रहेंगे। साथ ही उनकी जयंती पर पांच दीपक अपने-अपने घरों पर जलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस पर गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के सचिव अंकित गुर्जर, अनीता गुर्जर डायरेक्टर दी रेलवे एम्पलॉइयज कॉ-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर, बबीता गुर्जर, पवित्रा गोचर, रीना गुर्जर, खुशमिता गुर्जर, अंकिता गोचर, अपूर्वा गोचर, माया गुर्जर, लक्ष्मण गुर्जर, धनराज गोचर, संदीप बाण्या, विकास गुर्जर आदि लोग उपस्थित थे।

## विवाद में चल रही शराब की दुकान बंद

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम में शराब की दुकान बंद होने को लेकर आर.के.पुरम वासियों के साथ-साथ स्थानीय विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने लोकसभा स्पीकर के कैम्प कार्यालय जाकर ओम बिरला का धन्यवाद किया। धन्यवाद देने वालों में सत्यवीर सिंह, अरविन्द गर्ग, आर.के.पुरम बालाजी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णुनारायण शर्मा, भाजपा वार्ड अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश माहेश्वरी, आरकेपुरम भाजपा किसान युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक यादव, अग्रवाल समाज से समाजसेवी पी.पी, गुप्ता, विभाकर जोशी, डॉ पी. झंवर, गिरिराज गौतम, दौलत लालवानी आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने आमजन की समस्याएं सुनी

**झालावाड़** (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार के त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत माह के द्वितीय गुरूवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में पंचायत समिति भवानीमण्डी के वीसी कक्ष में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया।



जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति भवानीमण्डी के वीसी कक्ष में जनसुनवाई की।

जनसुनवाई में उपस्थित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से जिला कलक्टर ने कहा कि परिवादियों की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनका नियमानुसार निस्तारण त्वरित या निर्धारित समयावधि में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान केवल औपचारिकता के रूप में न होकर उसका ठोस निस्तारण हो।

इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विकास अधिकारी को भवानीमण्डी ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निस्तारण करते हुए आवेदकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जेवीवीएनएल के अधिकारी को बिजली के तार व पोल सही करवाने एवं निर्धारित समयावधि में ट्रान्सफार्मर बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु फोगिंग करवाने के निर्देश दिए। साथ ही नगर पालिका भवानीमण्डी के अधिशासी अधिकारी को नियमित रूप से अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, नगर पालिका द्वारा आवंटित आवासीय कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, रास्ता खुलवाने, इन्तकाल खुलवाने सहित विभिन्न प्रकार के करीब 22 प्रकरण प्राप्त हुए।

जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी भवानीमण्डी छत्रपाल चौधरी, प्रधान सुल्तान सिंह, नगर पालिका भवानीमण्डी के अधिशासी अधिकारी मनीष मीणा, विकास अधिकारी रमेश वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 107 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांचा

**रामगंजमण्डी** (निसं)। निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा के तहत गुरूवार को चिकित्सा विभाग की ओर से रामगंजमंडी क्षेत्र की एएसआई इंण्डस्ट्रिज लि. कोटा स्टोन खदान सातलखेडी में सिलिकोसिस जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमे खदान और आस-पास के क्षेत्रों में काम करने वाले 107 श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया गया।सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि शिविर में 9 श्रमिकों को स्पूटम जांच और 9 को चेस्ट एक्सरे के लिए रेफर किया गया। वहीं 46 की शुगर व बीपी की जांच की गई।कोटा से जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में आए लोगो को सिलिकोसिस रोग से बचाव रोकथाम के उपाय और साधन अपनाने की हिदायत दी।खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन में काम करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने खनन क्षेत्रों के कच्चे रास्तों पर पानी का छिड़काव करने खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने जैसे उपाय बताए गए।साथ ही टीबी रोग से बचाव-उपचार निक्षय मित्र निक्षय संबल योजना आदि की जानकारी भी दी। मेडिकल टीम कोटा से डॉ. चेतन शर्मा पीसीएमओ लैब सुपरवाइजर पवन शर्मा एसटीएस सेलेंद्र मीना एवं सातलखेडी पीएचसी से डॉ. मुकेश गुप्ता सहित स्टॉफ ने सेवाएं दी।

### भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की बैठक

**बूंदी** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जाए राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत गुरुवार को शहर के शक्ति केंद्र देवपुरा में भाजपा शहर मंडल की बैठक शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी जुगल शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा जो सदस्यता अभियान चला जा रहा है इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को सदस्य बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनना अनिवार्य है। सदस्य मोबाइल के माध्यम से बनाए जाएंगे। जिला प्रभारी शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हम सब मिलकर आम जनता तक पहुंचाएं और उन्हें लाभान्वित करें। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल , शहर संयोजक मोहन कराड, मन फूल कराड, श्याम, हरिशंकर सैनी, सुरेश परिहार, सुरेश जैन, कैलाश जांगिड, गणेश कराड, कमल जैन, महावीर सैनी , बबलू जैन,रामगोपाल सैनी, लक्ष्मी नारायण, सोनू जैन ,देवलाल गुर्जर, दुर्गा लाल गुर्जर, हेमराज सेन रूपेश जांगिड, माया गोस्वामी ,दीपक कराड, अंशुल दाधीच, रामु, संदीप यादव , मानस जैन , संजय भूटानी मनोज गौतम ,नवीन सिंह , दिलीप सिंह ,निर्मल मालव , दयाल सुमन सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गणेशोत्सव के तहत 56 भोग आरती हुई

**बूंदी** (निसं)। गणेश उत्सव के अंतर्गत किड्जी ग्लोबल पब्लिक विद्यालय में 56 भोग आरती का आयोजन महाराव वंशवर्धन सिंह के मुख्यातिथ्य और पंडित ज्योति शंकर, आचार्य ऋतुराज व समाजसेवी पुरुषोत्तम पारीक के आतिथ्य में हुआ। यहां महाराव वंशवर्धन सिंह ने भगवान गणेश जी की आरती कर 56 भोग लगाया। इस दौरान महाराव वंशवर्धन सिंह ने आशीर्वचनों से प्रोत्साहित किया। वहीं पंडित ज्योति शंकर द्वारा श्री गणेश जी के महात्म्य पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यालय प्रबंधक डॉ जुनैद अख्तर ने अतिथि गणों का शॉल ओढा कर सम्मान किया। महाराव द्वारा जुडो प्रतियोगिता के विजेता छात्र व छात्राओं का सम्मान किया गया। विद्यालय निर्देशिका डॉ. हिना अगवान व प्रधानाध्यापिका ज्योत्सना खत्री द्वारा अतिथियों का धन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ गण उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर 15 सितम्बर को

**रावतभाटा,** (निसं)। रक्त एकता ब्लड समूह द्वारा वीर भगत सिंह जयन्ती के उपलक्ष में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन 15 सितम्बर को प्रातः 9 से सांय 5 बजे तक ट्रोमा सेंटर रावतभाटा में आयोजित किया जाएंगा। शिविर का आयोजन रक्त की कमी को देखते हुए रखा गया है, रक्त की कमी के चलते रक्त एकता ब्लड समूह शिविर का आयोजन करते हैं। रक्त एकता ब्लड समूह के को-ऑर्डिनेट फैज़ान शेख ने जानकारी देते हुए बताया की रक्त संग्रहण टीम कोटा के राजकीय महाराणा भीम सिंह सरकारी हॉस्पिटल की टीम करेगी। शिविर के आयोजक कर्ता अजय बंजारा व फैज़ान शेख ने युवाओं से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की हैं। आपका एक यूनिट रक्तदान कई लोगों की जान बचा सकता हैं। इसलिए सभी मिलकर रक्तदान करें और आप यहां पर आकर अपनी भागीदारी निभाएं। रक्तदान शिविर में राजकीय महाविद्यालय रावतभाटा के सभी छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहेगा।

### जिला प्रभारी मंत्री ने खेतों में पहुंचकर देखा फसल खराबा

**बूंदी** (निसं)। ऊर्जा राज्यमंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को बूंदी प्रवास के दौरान हिंडोली क्षेत्र में बरसात से खराब हुई फसलों का खेतों में पहुंचकर जायजा लिया। जिला प्रभारी मंत्री हिंडोली-नैनवा 148-डी के समीप स्थित खेतों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अतिवृष्टि से खराब हुई फसल के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि संबंधित पटवारियों, कृषि पर्यवेक्षक एवं संबंधित विभागीय अधिकारी क्षेत्र में हुई फसल खराबे की गिरदावरी के लिए खेतों में पहुंचकर गिरदावरी की रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि मुआवजे से कोई भी काश्तकार वंचित नहीं नहीं रहे। बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से निरंतर समन्वय बनाकर मुआवजे संबंधी सभी प्रक्रिया समय पर पूर्ण कराई जाए। इस दौरान जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, तहसीलदार हिण्डोली कमलेश कुमार कुलदीप, नायब तहसीलदार पवन कुमार मूंदडा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महाव्रतियों का अभिनन्दन किया

**बूंदी** (निसं)। जैन धर्म के चल रहे 10 लक्षण महापर्व के तहत पंच मेरु जी के पांच उपवास करने वाली त्यागी व्रति कमलेश पाटनी, गुन माला छाबडा, उर्मिला लूहड़िया का गुरुवार को समाज की ओर से दिगंबर जैन मंदिर गुरु नानक कॉलोनी में अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। समाज की महिलाओं ने तीनों त्यागी वृत्तियों को माला पहनकर और शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। उसके पश्चात तीनों महिलाओं को जुलूस के रूप में उनके निवास स्थान पर पहुंचाया। महिलाएं जुलूस में भजनों की धुन पर नृत्य करती हुई चल रही थी। जगह-जगह पर जुलूस का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। अभिषेक जैन ने बताया कि इस मौके पर रेखा पाटनी, एकता कासलीवाल, एकता पापडीवाल, सुनीता गोधा, अनीता बाकलीवाल, पूजा छाबडा, संगीता छाबडा, संतोष सोगानी, बिना नौसंदा, अनिल पाटनी, सुमन बाकलीवाल, सुनीता पाटनी सहित महिलाएं मौजूद रही।

### राजस्थान जल महोत्सव कल

**झालावाड़** (निसं)। राजस्थान जल महोत्सव 2024 कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में गुरूवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में प्रदेश में इस वर्ष जल संग्रहण की स्थिति अच्छी रही है। इसी को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा शनिवार, 14 सितम्बर जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर "राजस्थान जल महोत्सव 2024" कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### पैट्रोल पंप का उद्घाटन किया

**बूंदी** (निसं)। ऊर्जा राज्यमंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने गुरूवार को बूंदी के समीप राता बरडा पर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में पेट्रोल पंप की स्थापना से ग्रामीणों और किसानों को राहत मिलेगी। उन्हें पेट्रोल या डीजल के लिए दूर नहीं जाना पडेगा। राता बरडा में पेट्रोल पंप खुल जाने से आसपास रहने वाले ग्रामीणों को भी उचित और शुद्ध गुणवत्ता का पेट्रोल/डीजल उपलब्ध होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया, राम बाबू शर्मा, भरत शर्मा,राजलाल शर्मा, निर्मल मालव आदि मौजूद रहे।

### नविका ने वेस्ट जोन में स्वर्ण पदक जीता

**बूंदी** (निसं)। हाल ही में गुजरात के गांधीनगर में पिनाकल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2024 आयोजित हुई, जिसमें बूंदी जिले से नविका चौधरी ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। नविका ने अंडर-17 आयु वर्ग में 55 किलो भार श्रेणी में भाग लेकर स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। बालिका अब राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। बालिका खेल संकुल में कोच शिवकुमार श्रृंगी से ताइक्वांडो खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

